2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—

| तीन, माध्यम, व्याकरण, लिखित भाषा |
|---|

(क) भाषा विचारों और भावों को प्रकट करने का माध्यम है।

(ख) भाषा के तीन रूप होते हैं।

(ग) व्याकरण से हमें भाषा के सही रूप की जानकारी मिलती है।

(घ) लिखित भाषा, भाषा को स्थायी बनाती है।

3. निम्नलिखित में से जो कथन लिखित भाषा से संबंधित हैं, उनके सामने लिखित भाषा तथा जो मौखिक भाषा से संबंधित हैं, उनके सामने मौखिक भाषा लिखो—

(क) यह भाषा का प्रारंभिक रूप है। मौखिक भाषा

(ख) इसे सीखने के लिए विशेष प्रयत्न करना पड़ता है। लिखित भाषा

(ग) हमारे दैनिक जीवन में अधिकांश कार्य इसी भाषा में होते हैं। मौखिक भाषा

(घ) यह भाषा का स्थायी रूप है। लिखित भाषा

4. नीचे कुछ प्रदेशों के नाम लिखे हैं, उनके सामने उन प्रदेशों की भाषाएँ लिखो—

(क) पंजाब पंजाबी

(ख) हरियाणा हिंदी

(ग) केरल मलयालम

(घ) तमिलनाडु तमिल

(ङ) उत्तर प्रदेश हिन्दी

5. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा गलत है?

(क) गुजरात गुजराती ✓

(ख) पश्चिम बंगाल बंगाली ✓

(ग) महाराष्ट्र महाराष्ट्री ✗

(घ) कश्मीर कश्मीरी ✓

**वाक्य के अंग** (Parts of Sentence)— वाक्य के दो अंग होते हैं—

**उद्देश्य** (Subject)— वाक्य में जिसके संबंध में कुछ कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं।

**विधेय** (Predicate)— उद्देश्य के संबंध में जो कुछ कहा जाता है, उसे विधेय कहते हैं।

| जैसे— | **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| | रमेश | कोई काम नहीं करता है। |
| | रमा | पढ़ रही है। |
| | बच्चे | कहानी सुन रहे हैं। |

**वाक्य के भेद** (Kinds of Sentence)— मुख्य रूप से वाक्य के तीन भेद होते हैं—

1. साधारण वाक्य  2. प्रश्नवाचक वाक्य  3. निषेधात्मक वाक्य

1. साधारण वाक्य (Affirmative Sentence)— ऐसे वाक्य जिनमें कोई बात सरल ढंग से कही जाती है, उसे साधारण वाक्य कहते हैं; जैसे— सीता खेल रही है। लड़के खेल रहे हैं।
2. प्रश्नवाचक वाक्य (Interrogative Sentence)— जिन वाक्यों द्वारा कोई प्रश्न पूछा जाता है, उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे— क्या मोहन पढ़ रहा है? रवि कहाँ जा रहा है?
3. निषेधात्मक वाक्य (Negative Sentence)— जिन वाक्यों में किसी कार्य के न होने का ज्ञान हो, उसे निषेधात्मक वाक्य कहते हैं। जैसे— राजू पत्र नहीं लिख रहा है। राधा नहीं आ रही है।



## आपने क्या सीखा?

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) स्वर किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? लिखो।

(ख) उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(ग) वाक्य के कितने अंग हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य तथा विधेय पहचानकर उन्हें अलग-अलग करके लिखो—**

| वाक्य | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| (क) मोर नाच रहा है। | मोर | नाच रहा है |
| (ख) पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं। | पिता जी | अखबार पढ़ रहे हैं |
| (ग) राधा पत्र लिख रही है। | राधा | पत्र लिख रही है। |
| (घ) राम बाज़ार गया। | राम | बाजार गया |
| (ङ) मेरा भाई मोहन आ गया। | मेरा भाई मोहन | आ गया |

3. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखो—

(क) दाँत — दंत

(ख) कान — कर्ण

(ग) आँख — अक्षि

(घ) नाक — नासिका

4. निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखो—

(क) दुग्ध — दूध

(ख) दधि — दही

(ग) घृत — घी

(घ) मयूर — मोर

5. निम्नलिखित अँगरेज़ी शब्दों के लिए हिंदी शब्द लिखो—

(क) कॉलेज — विद्यालय

(ख) प्रिंसिपल — प्रधानाचार्य

(ग) क्लास — कक्षा

(घ) टीचर — अध्यापक

6. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ—

(क) इनमें से कौन-सा शब्द तद्भव है?

(अ) मयूर ☐ (ब) भ्रमर ☐ (स) प्रहर ☐ (द) कबूतर ☑

(ख) कौन-सा भिन्न है?

(अ) अ-आ ☑ (ब) अ-ब ☐ (स) अ-स ☐ (द) द-आ ☐

(ग) दीर्घ स्वर कौन-सा है?

(अ) इ ☐ (ब) ओ ☑ (स) ई ☑ (द) उ ☐

(घ) हिंदी में कितने स्वरों की मात्राएँ दिखाई देती हैं?

(अ) 9 ☐ (ब) 8 ☐ (स) 10 ☑ (द) 11 ☐

विशेषण से—

| विशेषण | भाववाचक | विशेषण | भाववाचक |
|---|---|---|---|
| अच्छा | अच्छाई | मीठा | मिठास |
| मोटा | मोटापा | एक | एकता |
| प्यासा | प्यास | सफल | सफलता |
| लघु | लघुता | सरल | सरलता |
| काला | कालिमा/कालापन | गरम | गरमी |

क्रिया से—

| क्रिया | भाववाचक | क्रिया | भाववाचक |
|---|---|---|---|
| खेलना | खेल | चलना | चाल |
| चढ़ना | चढ़ाई | पढ़ना | पढ़ाई |
| धोना | धुलाई | सजाना | सजावट |
| लिखना | लिखावट | बनाना | बनावट |
| सोचना | सोच | मिलना | मेल |



## आपने क्या सीखा?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो—

(क) संज्ञा किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? नाम लिखो।

(ख) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

(ग) भाववाचक संज्ञा के चार वाक्य लिखो।

(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों को आवश्यक संज्ञा में बदलकर खाली जगह भरो—

(क) राम की ___सज्जनता___ से सभी प्रभावित हुए। (सज्जन)

(ख) बच्चे को रोता देख माँ की ___ममता___ जाग उठी। (मम)

(ग) वह ___बचपन___ में बहुत नटखट था। (बच्चा)

(घ) ___प्यासा___ कौआ उपाय सोचने लगा। (प्यास)

(ङ) भारतीय जवान अपनी ___वीरता___ के लिए प्रसिद्ध हैं। (वीर)

3. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाओ—

| शब्द | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|
| (क) मानव | मानवता |
| (ख) ठग | ठगी |
| (ग) बूढ़ा | बुढ़ापा |
| (घ) बच्चा | बचपन |
| (ङ) मोटा | मोटापा |

4. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के सामने उनके भेद लिखो—

| संज्ञा | भेद |
|---|---|
| (क) वीरता | भाववाचक संज्ञा |
| (ख) हिमालय | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ग) पक्षी | जातिवाचक संज्ञा |
| (घ) दूध | द्रव्यवाचक संज्ञा |
| (ङ) कक्षा | समूहवाचक संज्ञा |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ—

(क) कौन-सा शब्द इस संज्ञा भेद का नहीं है?

(अ) मानवता ☐ (ब) कठोरता ☐

(स) ताज़महल ☑ (द) तरुणाई ☐

(ख) इनमें से कौन-सा शब्द अलग है?

(अ) मोहन ☐ (ब) लड़का ☑

(स) सोहन ☐ (द) शिवाजी ☐

(ग) कौन युग्म (जोड़ा) गलत है?

(अ) अपना-अपनत्व ☑ (ब) लिखना-लिखावट ☐

(स) मम-माता ☐ (द) दोस्त-दोस्ती ☐



# आपने क्या सीखा ?

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–**

(क) लिंग किसे कहते हैं?

(ख) लिंग के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

**2. लिंग बदलकर लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | बेटा | बेटी (बिटिया) | (च) | बलवती | बलवान |
| (ख) | मालिक | मालकिन | (छ) | साधिका | साधक |
| (ग) | नायक | नायिका | (ज) | मोरनी | मोर |
| (घ) | बालक | बालिका | (झ) | सिंहनी | सिंह |
| (ङ) | गुणवान | गुणवती | (ञ) | सहायिका | सहायक |

**3. निम्नलिखित वाक्यों में लिंग संबंधी अशुद्धियाँ ठीक करके इन्हें पुनः लिखो–**

(क) मुझे अंगूर अच्छा लगती है।

मुझे अंगूर अच्छे लगते हैं।

(ख) माता जी आ रहे हैं।

माता जी आ रही हैं।

(ग) अध्यापिका पढ़ा रहे हैं।

अध्यापिका पढ़ा रही हैं।

(घ) महादेवी वर्मा विद्‌वान महिला था।

महादेवी वर्मा विद्‌वान महिला थी।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–**

(क) कौन-सा शब्द दूसरे लिंग का है?

(अ) बेटी ☐ (ब) नानी ☐ (स) बकरी ☐ (द) घोड़ा ☑

(ख) इनमें से स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?

(अ) अभिमानी ☐ (ब) स्वामिनी ☑ (स) तपस्वी ☐ (द) ओजस्वी ☐

(ग) कौन-सा जोड़ा गलत है?

(अ) मुरगा-मुरगी ☐ (ब) अध्यापक-शिक्षक ☑

(स) पाठक-पाठिका ☐ (द) छात्र-छात्रा ☐



# आपने क्या सीखा?

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–**

(क) वचन की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(ख) वचन के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

**2. उचित शब्द छाँटकर खाली जगह भरो–**

(क) पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं। (रहा है / रहे हैं)

(ख) पार्क में बच्चे खेलते हैं। (बच्चा / बच्चे)

(ग) आकाश में तारे चमकते हैं। (तारे / तारा)

(घ) चोर के चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगीं। (हवाई / हवाइयाँ)

(ङ) माता जी खाना बनाती हैं। (बनाता है / बनाती हैं)

**3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखो–**

(क) रास्ता — रास्ते

(ख) कला — कलाएँ

(ग) रात — रातें

(घ) नदी — नदियाँ

(ङ) लिपि — लिपियाँ

(च) चिड़ियाँ — चिड़िया

(छ) जातियाँ — जाति

(ज) बहनें — बहन

(झ) नदियाँ — नदी

(ञ) कथाएँ — कथा

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–**

(क) कौन-सा जोड़ा गलत है?

(अ) किताब-किताबें ☐ (ब) झंडा-झंडे ☐

(स) बहू-बहूएँ ☑ (द) गाय-गायें ☐

(ख) 'लिपि' शब्द का सही बहुवचन शब्द है-

(अ) लिपियाँ ☑ (ब) लीपियां ☐

(स) लिपियां ☐ (द) लीपीयाँ ☐

(ग) कौन-सा वाक्य गलत है?

(अ) दो पुस्तकें ☐ (ब) दो घोड़ा ☑

(स) दो लड़के ☐ (द) दो जातियाँ ☐

2. रेखांकित शब्दों के कारक बताओ—

(क) राम ने पत्र लिखा। कर्ता कारक

(ख) वृक्ष से फल गिरे। अपादान कारक

(ग) राम साइकिल से विद्यालय गया। करण कारक

(घ) राधा की बहन सुधा सुंदर चित्र बनाती है। संबंध कारक

(ङ) माता जी कुरसी पर बैठी हैं। अधिकरण कारक

3. खाली जगह में उपयुक्त कारक चिह्न भरो—

(क) बच्चे पार्क में खेल रहे हैं।

(ख) पेड़ पर बंदर बैठा है।

(ग) आदित्य के पिता जी अध्यापक हैं।

(घ) उपासना ने राम को पुस्तक दी।

(ङ) राधा बाज़ार से फल लाई।

4. निम्नलिखित चिह्नों के सामने संबंधित कारक का नाम लिखो—

(क) ने कर्ता कारक

(ख) को कर्म कारक

(ग) 'से' साधन के अर्थ में करण कारक

(घ) के लिए संप्रदान कारक

(ङ) अरे! संबोधन कारक

(च) में, पर अधिकरण कारण

5. कारक चिह्नों पर गोला बनाओ—

(क) राम ने किताब पढ़ी।

(ख) मीरा साइकिल से विद्यालय जाती है।

(ग) मेज़ पर पानी रखा है।

(घ) पिता जी कमरे में बैठे हैं।

(ङ) बिजली पानी से बनती है।

# मुहावरे
(Idioms)



मुहावरे (Idioms)— सामान्य अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ देने वाले शब्द समूह या वाक्यांश को मुहावरा कहते हैं।

| मुहावरे | अर्थ | वाक्य-प्रयोग |
|---|---|---|
| अंत पाना | भेद पाना | भगवान का अंत कौन पा सकता है? |
| अपना उल्लू सीधा करना | अपना स्वार्थ सिद्ध करना | स्वार्थी व्यक्ति अपना उल्लू सीधा करने में ही लगे रहते हैं। |
| आँखें खुलना | होश आना | काम बिगड़ जाने के बाद आँखें खुलने से क्या फ़ायदा। |
| आँखों का तारा | अत्यंत प्रिय | मोहन अपनी माँ की आँखों का तारा है। |
| अगर-मगर करना | टाल-मटोल करना | बात साफ़ करो, अगर-मगर करके मेरा समय मत बर्बाद करो। |
| आँखें फेरना | साथ छोड़ देना | बुरे दिनों में सगे-संबंधी भी आँखें फेर लेते हैं। |
| आग-बबूला होना | बहुत क्रोधित होना | लक्ष्मण की बातें सुनकर परशुराम आग-बबूला हो गए। |
| अपने पैरों पर खड़ा | स्वावलंबी होना | पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़े होने का प्रयास करना चाहिए। |
| अंग-अंग ढीला होना | बहुत थक जाना | कड़ी मेहनत के कारण उसके अंग-अंग ढीले हो गए। |
| अक्ल से पैदल होना | बुद्धिहीन होना | वह तो अक्ल से पैदल है अन्यथा परीक्षा के दिनों में भी इस तरह नहीं घूमता। |
| ईद का चाँद होना | बहुत प्रतीक्षा के बाद दिखाई देना | मैं इतने दिनों से तुम्हारी राह देख रहा था लेकिन तुम तो ईद का चाँद हो गए हो। |
| ईंट से ईंट बजाना | करारा जवाब देना | भारतीय सेना हर परिस्थिति में दुश्मनों की ईंट से ईंट बजाने की क्षमता रखती है। |
| उलटी गंगा बहाना | नियम के विरुद्ध कार्य करना | आप मुझसे बड़े हैं, मेरे सामने हाथ जोड़कर उलटी गंगा न बहाइए। |
| उन्नीस-बीस का अंतर | बहुत साधारण अंतर | दोनों भाइयों की लंबाई में उन्नीस-बीस का अंतर है। |
| एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाना | कठिन परिश्रम करना | परीक्षा में प्रथम आने के लिए उसने एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा दिया। |
| कान खड़े होना | सचेत होना | रात में ज़रा-सी आहट होने पर ही टॉमी के कान खड़े हो जाते हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| कान पर जूँ न रेंगना | कुछ भी असर न होना | पिता के बहुत समझाने पर भी उसके कान पर जूँ नहीं रेंगी। |
| खून-पसीना एक करना | कड़ी मेहनत करना | खेतों में किसान खून-पसीना एक करते हैं, तब जाकर अन्न का उत्पादन होता है। |

| शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| घोड़ा | तुरंग, अश्व, हय, घोटक |
| अमृत | सोम, सुधा, अमिय, पीयूष |
| असुर | दैत्य, दानव, निशाचर, राक्षस |
| अग्नि | पावक, आग, अनल, हुताशन |
| आँख | अक्षि, नयन, लोचन, नेत्र |
| आकाश | नभ, व्योम, अंबर, गगन |
| इंद्र | सुरपति, सुरेश, पुरंदर, देवराज |
| कामदेव | मदन, मनोज, अनंग, मनसिज |
| कृष्ण | श्याम, गिरिधर, माधव, यशोदानंदन |
| गणेश | लंबोदर, विनायक, एकदंत, गजानन |
| सूर्य | भानु, दिनकर, रवि, दिनेश |
| चंद्रमा | शशि, चाँद, सुधाकर, राकेश |
| देवता | सुर, अमर, देव, विबुध |

| | |
|---|---|
| पक्षी | खग, विहग, नभचर, खेचर |
| साँप | अहि, नाग, सर्प, भुजंग |
| आदमी | नर, लोग, मानव, मनुष्य |
| औरत | नारी, महिला, मानवी, अबला |
| शेर | सिंह, वनराज, मृगेन्द्र, केशरी |
| नौकर | सेवक, दास, चाकर, अनुचर |
| प्रकाश | प्रभा, आलोक, ज्योति |
| शरीर | देह, काया, तन, वपु |
| हाथ | कर, पाणि, हस्त |

भिन्नार्थक शब्द

| श्रुतिसम शब्द | अर्थ |
|---|---|
| अचल<br>अचला | पर्वत<br>पृथ्वी |
| अनल<br>अनिल | आग<br>हवा |
| अन्न<br>अन्य | अनाज<br>दूसरा |
| अपेक्षा<br>उपेक्षा | तुलना में<br>निरादर |
| धरा<br>धारा | पृथ्वी<br>प्रवाह |
| नग<br>नाग | पर्वत<br>साँप |
| बात<br>वात | बातचीत<br>हवा |
| छत्र<br>छात्र | छाता<br>विद्यार्थी |
| कृपण<br>कृपाण | कंजूस<br>तलवार |
| ग्रह<br>गृह | नक्षत्र<br>घर |

# अनेकार्थक शब्द
## (Multiple Meanings)

**अनेकार्थक शब्द**– कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो अलग-अलग संदर्भों मे
हैं। एक से अधिक अर्थ देने के कारण ऐसे शब्दों को अनेकार्थक शब्द

| शब्द | अनेकार्थक शब्द |
|---|---|
| अर्क | सूर्य, रस, आक का पौधा |
| अलि | भौंरा, कोयल, बिच्छू |
| अर्थ | धन, मतलब, कारण |
| उत्तर | एक दिशा, जवाब, हल |
| कर | हाथ, सूँड़, किरण, टैक्स |
| खग | बाण, सूर्य, ग्रह, पक्षी |
| अक्षर | ब्रह्मा, विष्णु, वर्ण, शिव |
| अंबर | आकाश, कपड़ा, केसर |
| आम | आम का फल, साधारण, व्यापक |
| खर | दुष्ट, गधा, तिनका, एक राक्षस |
| जलज | कमल, मोती, मछली |
| तारा | आँख की पुतली, बालि की पत्नी, नक्षत्र |
| नाग | हाथी, साँप, बादल |
| मधु | शहद, शराब, बसंत ऋतु |
| गति | चाल, हालत, मोक्ष |

### 1. अपनी कक्षा में प्रथम आने की सूचना देते हुए पिता को पत्र।

शिवाजी छात्रावास,
आदर्श विद्यालय,
इंदिरा नगर, लखनऊ।
दिनांक : 09/01/2013

पूज्य पिता जी,

सादर प्रणाम।

मैं यहाँ कुशल से हूँ। आशा करता हूँ कि आप सब भी कुशल से होंगे। मेरा प्रथम मासिक परीक्षा परिणाम कल घोषित हुआ। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि मैंने 85 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह आपके कुशल मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के कारण ही संभव हुआ है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि निरंतर परिश्रम करके अपनी कक्षा में अपना यह स्थान बनाए रखूँगा।

माता जी तथा अन्य सभी बड़ों को चरण-स्पर्श तथा छोटों को प्यार।

आपका पुत्र,

अभिनव

### 2. जन्म दिन पर भेजे गए उपहार के लिए बड़े भाई को पत्र।

प्रेम सदन,
ए-532, आदर्श नगर, लखनऊ।
दिनांक : 20/03/2013

पूज्य भाई साहब,

सादर प्रणाम।

मुझे कल ही आपके द्वारा भेजा हुआ पार्सल तथा बधाई-पत्र प्राप्त हुआ। मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि अत्यधिक व्यस्त होने पर भी आप मेरा जन्म दिन नहीं भूले। आपके द्वारा भेजी गई घड़ी अत्यंत आकर्षक है। मुझे इसकी बहुत आवश्यकता भी थी। इस उपहार के लिए आपको बहुत धन्यवाद।

भाभी जी को प्रणाम तथा मुदित को प्यार।

आपका अनुज,

पवन राय

निबंध →

1. स्वतंत्रता दिवस
2. कंप्यूटर
3. आदर्श विद्यार्थी
4. सर्वश्रेष्ठ धन (विद्या)

कहानी →

1. श्रवण कुमार

हिंदी I

Date ____ Page No. ____

पाठ - 1

## भाषा, लिपि और व्याकरण

प्र०1 भाषा का क्या अर्थ है?

उ० 'भाषा' शब्द संस्कृत भाषा की 'भाष' धातु से बना है, जिसका अर्थ होता है - 'बोलना' या 'प्रकट करना'। अतः भाषा का शाब्दिक अर्थ अपने भावों या विचारों को कहना या व्यक्त करना होता है।

प्र०2 मौखिक व लिखित भाषा में अंतर बताओ।

उ० मौखिक भाषा - जब हम बोलकर अपने विचार प्रकट करते हैं इसे मौखिक भाषा कहते हैं। यह भाषा का मौलिक (प्रारंभिक) रूप है।

लिखित भाषा - जब हम लिखकर अपने विचार प्रकट करते हैं तो इसे लिखित भाषा कहते हैं। लिखित भाषा स्थायी होती है।

प्र०3 लिपि की परिभाषा लिखो।

उ० भाषा को लिखने के लिए बनाए गए संकेत चिह्नों की व्यवस्था को लिपि कहते हैं।

प्र०4 व्याकरण किसे कहते हैं?

उ० भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाले शास्त्र को ही व्याकरण कहते हैं।

"In a gentle way, you can shake the world." –Mahatma Gandhi

Date ............ Page No.: ..........

पाठ - 2

## वर्ण और शब्द

प्र.1 स्वर किसे कहते हैं। उसके कितने भेद होते हैं लिखो
उ. जिन वर्णों को बोलते समय किसी अन्य वर्ण का सहारा न लेना पड़े, उन्हे स्वर कहते हैं। स्वर के दो भेद होते हैं। (1.) ह्रस्व स्वर (2.) दीर्घ स्वर।

प्र.2 उत्पत्ति के आधार पर शब्दो के कितने भेद होते है सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।
उ. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं-
(क) तत्सम शब्द - संस्कृत भाषा के जो शब्द हिंदी में अपने वास्तविक रूप मे प्रयुक्त होते हैं, उन्हे तत्सम शब्द कहते हैं; जैसे - अग्नि, नृत्य ग्राम आदि
(ख) तद्भव शब्द - संस्कृत भाषा के शब्दो के बदले हुए रूप को तद्भव शब्द कहते हैं; जैसे - आम, आग नींद खेत आदि।

प्र.3 वाक्य के कितने अंग हैं। सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।
उ. वाक्य के दो अंग होते हैं - उद्देश्य, विधेय
उद्देश्य - वाक्य में जिसके संबंध मे कुछ कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं।
विधेय - उद्देश्य के संबंध मे जो कुछ कहा जाता है, उसे विधेय कहते हैं।

"Culture is the widening of the mind and of the spirit." - Jawaharlal Nehru

Date ___/___/_______ Page No.: _______

पाठ - 3

संज्ञा

प्र01 संज्ञा किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? नाम लिखो।

उ0 किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान तथा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा के पाँच भेद होते हैं —
1. व्यक्तिवाचक संज्ञा (2) जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा (4) द्रव्यवाचक संज्ञा (5) समूहवाचक संज्ञा

प्र02 जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

उ0 जिन शब्दो से वस्तुओं अथवा प्राणियों की पूरी जाति का बोध होता है उन्हे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे — पक्षी, पुस्तक, नदी।

प्र03 भाववाचक संज्ञा के चार वाक्य लिखो।

1. अंगूरो मे मिठास है।
2. राणा प्रताप की वीरता सराहनीय है।
3. श्याम की लंबाई राम से अधिक है।
4 भक्त भक्ति मे लीन है।

प्र4 व्यक्तिवाचक संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ0 किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध कराने वाले शब्दो को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे — शिवाजी, हिमालय, ताजमहल।

"In a gentle way, you can shake the world." —Mahatma Gandhi

18

Date __/__/____ Page No.: ______

पाठ - 5 लिंग

प्र-1 लिंग किसे कहते हैं ?

उ- शब्द के जिस रूप से यह पहचान होती है कि वह पुरुष जाति का है या स्त्री का, उसे लिंग कहते हैं।

प्र-2 लिंग के कितने भेद होते हैं ? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ- लिंग के दो भेद होते हैं :- पुल्लिंग, स्त्रीलिंग

1. पुल्लिंग :- शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष जाति के होने का पता चले, उसे पुल्लिंग कहते हैं। पिता, नगर, फल, हिमालय आदि।

2. स्त्रीलिंग - शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री जाति के होने का पता चले, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं, जैसे- माता, नदी, लड़की पहाड़ी आदि।

"In a gentle way, you can shake the world." –Mahatma Gandhi

5/6

Date __/__/____ Page No.: ____

पाठ - 5 वचन

प्र1 वचन की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ. शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो उसे वचन कहते हैं।

लड़का - लड़के

पुस्तक - पुस्तकें

प्र.2 वचन के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ. वचन के दो भेद होते हैं :- एकवचन बहुवचन।

एकवचन :- शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे - घोड़ा, पुस्तक, कुरसी आदि।

बहुवचन :- शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं. जैसे- घोड़े, लड़के, पुस्तकें आदि।

पाठ - 6 कारक

प्र01 कारक किसे कहते हैं?

उ० संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उनका संबंध क्रिया तथा वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ पता चले, उसे कारक कहते हैं; जैसे - राम ने रावण को बाण से मारा।

प्र02 कारक के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिख

उ० कारक के आठ भेद होते हैं :-

1. कर्ता कारक
2. कर्म कारक
3. करण कारक
4. संप्रदान कारक
5. अपादान कारक
6. संबंध कारक
7. अधिकरण कारक
8. संबोधन कारक

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अनुकूल | प्रतिकूल |
| अमृत | विष |
| आशा | निराशा |
| आय | व्यय |
| उन्नति | अवनति |
| उचित | अनुचित |
| उदय | अस्त |
| कोमल | कठोर |
| गरीब | अमीर |
| उपकार | अपकार |
| चेतन | जड़ |
| उग्र | सौम्य |
| हर्ष | विषाद |
| सरल | कठिन |
| निंदा | स्तुति |
| सफल | असफल |
| निरर्थक | सार्थक |
| दुख | सुख |
| बुरा | भला |
| सच | झूठ |

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अस्त | उदय |
| आदर | अनादर |
| आदान | प्रदान |
| आदि | अंत |
| उत्थान | पतन |
| उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण |
| कटु | मधुर |
| गुण | दोष |

| वाक्यांश (अनेक शब्द) | एक शब्द |
|---|---|
| सब कुछ जानने वाला | सर्वज्ञ |
| कम जानने वाला | अल्पज्ञ |
| जो किए गए उपकार को मानता है | कृतज्ञ |
| किए गए उपकार को न मानने वाला | कृतघ्न |
| देखने योग्य | दर्शनीय |
| पढ़ने योग्य | पठनीय |
| बड़ा भाई | अग्रज |
| छोटा भाई | अनुज |
| जीवन भर के लिए | आजीवन |
| सदा बना रहने वाला | शाश्वत |
| मार्ग दिखाने वाला | पथ-प्रदर्शक |
| बहुत तेज़ी से चलने वाला | द्रुतगामी |
| निरीक्षण करने वाला | निरीक्षक |

| | |
|---|---|
| जानने की इच्छा रखने वाला | जिज्ञासु |
| जो छिपाने योग्य हो | गोपनीय |
| जिस पर उपकार किया गया हो | उपकृत |
| अनुकरण करने योग्य | अनुकरणीय |
| पढ़ने योग्य | पठनीय |
| जिसका दमन न हो सके | अदम्य |
| जिसकी गहराई का पता न चल सके | अथाह |